एक दिवसीय कार्यशाला

24 अगस्त 2021

पण्डित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर द्वारा **''मुक्त एवं दुरस्थ शिक्षा संस्थान के लिए स्वअध्ययन सामग्री का विकास''** विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन दिनांक 24 अगस्त 2021 को प्रातः 11:00 बजे आभासी रूप से किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. सुमित प्रसाद (CIQA) उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, उत्तराखण्ड एवं डॉ. अभिषेक कुमार पाठक समन्वयक, दूरस्थ शिक्षा एवं एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सी.व्ही. रमन विश्वविद्यालय बिलासपुर (छ.ग.) उपस्थित रहें। कार्यक्रम के संरक्षक के रूप में विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति महोदय प्रो. बंशगोपाल सिंह और सह–संरक्षक के रूप में कुलसचिव महोदया डॉ. इंदु अनंत उपस्थित रही। इस आभासी कार्यशाला के संरक्षक डॉ. शोभित कुमार बाजपेयी जी थे।

इस आभासी कार्यशाला में पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर के समन्वयक के साथ–साथ विश्वविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक एवं अतिथि शिक्षक उपस्थित रहें।

संयोजक